हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 3 मार्च, 2022

को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

तारांकित प्रश्न

निजी लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में विद्यमान सेवाओं को सुदृढ करना

***1508. श्री मामन खान , एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग यादि क्रमांकः एम.आई.सी.एस.–2266/2019/एस.डी. (डी) 7/25/2019–2 टी.सी.पी. दिनांक 02.09.2019 द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार बढाए गए एफ.ए.आर. (तल क्षेत्र अनुपात) के दृष्टिगत गुरूग्राम में निजी लाइसेंस प्राप्त कालोनियों में विद्यमान सेवाओं को सदृढ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) गुरूग्राम में वर्ष 2017 से 2022 तक खरीद योग्य एफ.ए.आर. के माध्यम से एकत्रित की गई राशि का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) गुरूग्राम में उपरोक्त नीति के अनुसार विद्यमान अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि का उपयोग किया गया ?

..................

प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध करवाना

***1720. श्री बलराज कुन्डू, एम. एल. ए.** :– क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में वर्ष 2021 में भारी वर्षा तथा जल भराव के कारण कपास, बाजरा तथा धान की फसल के नुकसान के लिए विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए सरकार ने घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो राज्य में विशेष गिरदावरी करवाकर उन किसानों की जिलेवार संख्या कितनी है जिनको मुआवजा उपलब्ध करवाया गया;

(ग) जिलावार किसानों की संख्या कितनी है जिन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है तथा उसके कारण क्या हैं; तथा

(घ) उपरोक्त 'ख' तथा 'ग' के संबंध में महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का गांव–वार ब्यौरा क्या है?

.................................

## नाले का निर्माण करना

*1640. **श्री राम निवास, एम. एल. ए.** :– क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव बेलरखां, मोहल खेड़ा, नरवाना, इस्माईलपुर, धरोदी, फरेन कलां, फरेन खुर्द, कलौड़ा कलां तथा कलौड़ा खुर्द में वर्षा के कारण करीब 3500 एकड़ भूमि की फसल का नुकसान हुआ है; तथा

(ख) क्या उक्त समस्या का समाधन करने के लिए एक नाले के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

................................

## सड़क का निर्माण

*1682. **श्री संजय सिंह, एम. एल. ए.** :– क्या उप मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सोहना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में पंचगांव से मोहम्मदपुर–तावडू तक सड़क जर्जर अवस्था में है; यदि हां, तो इसके कब निर्मित किए जाने की संभावना हैं?

................................

## बस स्टैण्ड का उद्घाटन

*1687. **श्री दुड़ा राम, एम. एल. ए.** :– क्या परिवहन मन्त्री कृपा बताएंगे कि क्या फतेहाबाद के जिला मुख्यालय में निर्मित बस स्टैण्ड का उद्घाटन कब तक किये जाने की संभावना हैं?

................................

## मण्डी के क्षेत्र का विस्तार करना

***1748. श्री ईश्वर सिंह, एम. एल. ए.** :– क्या कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या गुहला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में चीका मण्डी के क्षेत्र का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक विस्तृत किए जाने की संभावना है ?

................................

## जांच की वर्तमान स्थिति

***1500. श्री सुभाष गांगोली , एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या सफीदों नगरपालिका में 35 करोड़ रूपये के घोटाले में सरकार द्वारा कोई जांच की जा रही है; यदि हां, तो जिस एजेंसी के माध्यम से उपरोक्त जांच की जा रही है उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) जांच की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त जांच कब तक पूरी किये जाने की संभावना है?

..................

## जल संचय की समस्या का समाधान करना

***1684. श्रीमती रेनू बाला, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि साढ़ौरा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में सरावां से जगाधरी तक सड़क के साथ लगते दर्जनों गांवों की भूमि पर बरसाती जल संचय की समस्या का समाधान करने का कोई प्रावधान नही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

..................

## नई पुलिया का निर्माण करना

***1564. श्री प्रदीप चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गुमथला की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिया टूटी पड़ी है तथा उक्त गांव के निवासियों के लिए रास्ता उपलबध नही है; तथा

(ख) यदि हां, तो नई पुलिया बनाकर उपरोक्त गांव को उचित रास्ता कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है ?

.................

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***1726. श्री सुधीर सिंगला, एम. एल. ए.** :– क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2014 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गुरूग्राम के लक्ष्मण विहार में पंजीरी प्लांट में एक सामुदायिक केन्द्र निर्मित करने की घोषणा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

...............................

## नलकूप कुनैक्शनों को जारी करना

***1679. श्री शिशपाल सिंह केहरवाला, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि जिन लोगों ने जिला सिरसा में नलकूप कुनैक्शन के लिए विद्युत मोटर की राशि जमा की है उनकी संख्या कितनी है तथा उक्त कुनैक्शन के कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

.................

## सड़क का निर्माण

*1759. **श्री बिशन लाल सैनी, एम. एल. ए.** :– क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है गांव चमरौड़ी से सिल्ली तक सड़क बनाने के लिए निविदा जारी की गई है तथा कार्य भी आबंटित किया गया है परंतु ठेकेदार कार्य नही कर रहा है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ?

................................

## अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना

*1589. **डा० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम. एल. ए.** :– क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जींद शहर की 35 कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कालोनियों के कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

................................

## लिंक रोड़ का निर्माण

*1719. **श्री सुभाष सुधा, एम. एल. ए.** :– क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या थानेसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव खेड़ी रामनगर से राजकीय महिला महाविद्यालय, पलवल के नजदीक सहारा कोम्परेहेन्सिव स्कूल तक लिंक रोड़ के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई तथा इसका ब्यौरा क्या है?

................................

## एकत्रित जमा पानी की निकासी करना

***1557. श्री बलबीर सिंह, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना गांव से गुजरने वाले गोहाना–रोहतक राजमार्ग पर फ्लाई ओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड़ पर पानी जमा रहता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?

.................

## नियम–134 ए के अंतर्गत दाखिला

***1658. श्री सुरेन्द्र पंवार, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में जिन योग्य छात्रों को नियम 134–ए के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के शैक्षणिक सत्र में दाखिला मिला, उनकी कुल संख्या कितनी है तथा उक्त नियम के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश से वंचित छात्रों की कुल संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में नियम 134–ए के अंतर्गत प्रत्येक छात्र के दाखिले के लिए सरकार द्वारा कुल कितना बजट आबंटित किया गया तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

.................

## आयुषमान भारत योजना के अंतर्गत परिवारों को सम्मिलित करना

***1617. श्री रामकुमार कश्यप, एम. एल. ए.** :– क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में अन्य गरीब परिवारों सहित बी.पी.एल. परिवारों को आयुषमान भारत योजना के अंतर्गत सम्मिलित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो राज्य में आयुषमान भारत योजना के तहत उपरोक्त गरीब परिवारों को कब तक सम्मिलित किए जाने की संभावना है ?

..............................

## रोजगार बढ़ाना

*1569. श्री चिरंजीव राव, एम.एल.ए.:–

**चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम.एल.ए.:–** क्या श्रम एवं रोजगार मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में बेरोजगारी गंभीर स्तर पर पंहुच गई है; तथा

(ख) राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

................................

## ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यार्थियों को अतिरिक्त अंक देना

*1657. **चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम. एल. ए. :–** क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में सरकारी भर्तियों में ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यार्थियों को अतिरिक्त अंक देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

................................

## भू–जल का गिरता स्तर

*1652. **श्री दीपक मंगला, एम.एल.ए.:–** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर में दिन पर दिन भू जल का स्तर गिरता जा रहा है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि नगर परिषद् क्षेत्र में 12–13 अतिरिक्त गांव जुड़ने के बाद जल की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है;

(ग) यदि हां, तो क्या पलवल शहर में रैनी वेल से जल आपूर्ति करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा इसका ब्यौरा क्या है?

................................

चण्डीगढ़: <br>26 फरवरी, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल,<br>सचिव,